डॉ. शुभ्रांशु शेखर आचार्य
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक
DR. SUBHRANSU SEKHAR ACHARYA
Chairman-cum-Managing Director

Celebrating 70 YEARS
एन एस आई सी
N S I C

राष्ट्रीय लघु उद्योग निगम लिमिटेड
(भारत सरकार का उद्यम)
The National Small Industries Corporation Ltd.
(A Government of India Enterprise)

हिन्दी दिवस संदेश

प्रिय साथियों,

आप सभी को हिन्दी दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं।

हिन्दी जन-जन की भाषा है। भारत में हिन्दी ही एक ऐसी भाषा है जिसमें भारतीय जनमानस की संवेदानाओं को व्यक्त करने का सामर्थ्य है। हिन्दी ने अपनी मौलिकता, सरलता और सुबोधता के बल पर ही भारतीय संस्कृति और साहित्य को जीवंत बनाए रखा है। इसमें कोई दो राय नहीं है कि यह भाषा पूर्णत: वैज्ञानिक है तथा इसकी अपनी मानक शब्दावली, व्याकरण एवं शैली है।

उपरोक्त विशेषताओं को ध्यान में रखते हुए संविधान सभा द्वारा 14 सितम्बर, 1949 को '**हिन्दी**' को संघ की राजभाषा के रूप में अंगीकार किया गया। परिणामस्वरूप संविधान के अनुच्छेद 351 के अनुसार संघ सरकार को यह दायित्व सौंपा गया कि भारत की सामाजिक, सांस्कृतिक तत्वों तथा अन्य भारतीय भाषाओं के रूप, शैली और पदावली को आत्मसात करते हुए हिन्दी का प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करें। संघ की राजभाषा नीति का आधार सदभावना, प्रेरणा और प्रोत्साहन है। संघ की राजभाषा हिन्दी होने के कारण सभी का यह संवैधानिक दायित्व है कि राजभाषा संबंधित आदेशों तथा अनुदेशों का अनुपालन दृढ़ता और तत्परता के साथ करें।

मैं, आज इस पावन अवसर पर निगम के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों से आग्रह करता हूं कि आप सभी राजभाषा नीति एवं नियमों का अनुपालन सुनिश्चित करते हुए अपना ज्यादा से ज्यादा कार्य हिन्दी में करें और राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय द्वारा जारी वार्षिक कार्यक्रम में निर्धारित विभिन्न लक्ष्यों को प्राप्त करने का ठोस प्रयास करें।

हिन्दी दिवस 2025 के पावन अवसर पर आप सभी को पुन: हार्दिक शुभकामनाएं।

एस. एस. आचार्य

(डॉ. शुभ्रांशु शेखर आचार्य)

सितंबर 14, 2025